(d) 1,051,061 tonnes of products were produced from October 1965 (refinery's commissioning date) till the end of October 1966.

खासी और जन्तिया पहाड़ियों में विद्रोह

*586. श्री उटिया :
श्री किशन पटनायक :
श्री मधु लिमये :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मिजो विद्रोह की तरह खासी और जैन्तिया पहाड़ियों में विद्रोह की तैयारियों के बारे में सरकार को कोई सुराग मिला है; और

(ख) यदि हां, तो क्या उसे रोकने के लिए सरकार ने कोई कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : आसाम सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार मिजो विद्रोह की तरह खासी और जैन्तिया पहाड़ियों में विद्रोह की तैयारियों की कोई सूचना नहीं है । फिर भी सरकार स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों तथा अधिकारियों के टेलीफोन बिलों की बकाया राशि

*587. श्री किशन पटनायक :
श्री मधु लिमये :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों तथा अधिकारियों की ओर टेलीफोन बिलों की दो करोड़ रुपये की राशि बकाया है; और

(ख) यदि हां, तो इस राशि को वसूल करने के लिए अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री जगन्नाथ राव): (क) सभी सरकारी उपभोक्ताओं पर (राज्य सरकार तथा रक्षा विभाग सहित) 1 जून, 1966 को 30 नवम्बर, 1965 तक जारी किये गये बिलों की 230 लाख रुपये की रक़म बकाया थी । केन्द्रीय मंत्रियों तथा अधिकारियों पर टलीफोन बिलों की बकाया रक़म के सम्बन्ध में फिलहाल अलग से सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ख) बकाया रक़म की शीघ्र अदायगी कराने के लिए बार-बार स्मरण-पत्र भेजने, व्यक्तिगतसम्पर्क स्थापित करने तथा टलीफ़ोन काट देने जैसे विशेष कदम उठाये जा रहे हैं ।

Supply of Gas by the O.& N.G.C. to the Gujarat State

***588. Shri Hari Vishnu Kamath:
Shri Jashvant Mehta:**

Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state:

(a) whether Government appointed a Member of the Planning Commission to arbitrate in the dispute regarding the price to be paid by the industries in Gujarat State to the Oil and Natural Gas Commission for the supply of gas;

(b) if so, when;

(c) whether the arbitrator has submitted his report and given his award;

(d) if so, the broad details thereof; and

(e) if not, the reasons therefor?

The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan): (a) Yes, Sir.

(b) On 26th February, 1964.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

(e) The proceedings are still in progress.